हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 JUNE 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

==

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाएं अवश्य पूरी होंगी। श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन- एनडीए ने हमेशा देश के भरोसे को मजबूत किया है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित एनडीए सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक लोगों का गरीबी से बाहर आना सरकार की सही नीतियों और सही दिशा का प्रमाण है।

एनडीए सरकार के इन 12 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा लोगों का गरीबी से बाहर निकलना यह दिखाता है कि हमारी नीतियां सही हैं। हमारी दिशा सही है। यह सफलता आज देश के हर उस व्यक्ति को एक भरोसा देती है कि एक ना एक दिन उसका संघर्ष भी खत्म होगा। एक दिन उसके सपने भी पूरे होंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का सपना अब देश के हर नागरिक का संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत ने वर्ष 2025-26 में 7 दशमलव 7 प्रतिशत की विकास दर हासिल की है।

2- पी एम - सेकंड

एनडीए की बारह वर्षों की उपलब्धियों की एक और विशेषता है। हमें यह उपलब्धियां वैश्विक अस्थिरता और अशांति के दौर में हासिल हुई है। दुनिया के बड़े-बड़े देशों की अर्थव्यवस्थाएं संघर्ष कर रही हैं। तब भी 2025-26 में भारत ने 7 प्वाइं□ 7 परसें□ की ग्रोथ रे□ हासिल की है और पिछला क्वा□ तो जो 31 मार्च को खत्म हुआ उसमें भी भारत की ग्रोथ 7 प्वाइं□ 8 परसें□ रही।

==============================

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए ओलंपिक के लिए बड़े लक्ष्य निर्धारित करने का आह्वान किया है। नई दिल्ली में एनडीए सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं और भारत तेजी से खेलों का प्रमुख वैश्विक केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने ओलंपिक की तैयारियों को विकसित भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बताया। साथ ही, विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में खेल जगत में भारत की पहचान और मजबूत होगी।

भारत दुनिया की biggest sports league की धरती बनता जा रहा है। आने वाले सालों में हमारी ये खाती और बुलंद होगी। Olympics के लिए हमारी तैयारियां भी भारतीय aspiration का ही प्रतिबिंब है। हमें छोटा नहीं सोचना है। हमें लक्ष्य ऊंचे रखने हैं। उन्हें प्राप्त करने के लिए पूरी ताकत लगा देनी है

=====================

हरियाणा में सिरसा के थाना डिंग और राजस्थान पुलिस की संयुक्त टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 88 किलो 970 ग्राम अफीम बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 4 करोड़ 50 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में एक ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने यह जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत नशा मुक्त हरियाणा के संकल्प को साकार करने की दिशा में हरियाणा पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है।उन्होंने कहा कि यह बरामदगी न केवल बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की खेप को बाजार तक पहुंचने से रोकने में सफल रही है, बल्कि अंतरराज्यीय नशा तस्करी नेटवर्क को भी गहरा झटका पहुंचाने वाली कार्रवाई है।

==================================

आयुष विभाग द्वारा जींद के ग्राम पंचायत कौंडल, गहलव, आमरू में योग जागरण यात्रा निकाली गई। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ हमीदुल्लाह ने बताया -

==

आज हरियाणा में कुछ जगह पर तेज हवा के साथ बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। कुरुक्षेत्र में सुबह करीब 3 बजे तेज़ आंधी के साथ बारिश हुई। जिससे तापमान में गिरावट आई है।जिससे मौसम सुहाना बना हुआ है।

कुरुक्षेत्र में समाचार लिखे जाने तक हल्के बादल छाए हुए थे। अंबाला में भी तेज़ हवाओं के साथ बारिश होने की खबर है।

===